**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, उ0प्र0 के नगरों एवं अन्य नॉन अटेन्मेन्ट नगरों में वायु प्रदूषण नियंत्रण संबंधी गतिविधियों की समीक्षा, वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु लागू कार्ययोजना की समीक्षा तथा प्रदेश के चिह्नित 17 नॉन अटेन्मेन्ट नगरों में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार से राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम एवं 15वें वित आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के उपयोग हेतु अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक 03.11.2023 को मध्यान्ह 12:00 बजे उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुख्यालय के सभाकक्ष में हाइब्रिड मोड में सम्पन्न एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग कमेटी (AQMC) की बैठक का कार्यवृत्त।**

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, उ0प्र0 के समस्त नगरों एवं अन्य नॉन अटेन्मेन्ट नगरों में वायु प्रदूषण नियंत्रण संबंधी गतिविधियों की समीक्षा, वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु लागू कार्ययोजना की समीक्षा तथा प्रदेश के नॉन अटेन्मेन्ट नगरों में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार से राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम एवं 15वें वित आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के उपयोग की समीक्षा हेतु अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग कमेटी (AQMC) की दिनांक 03.11.2023 को मध्यान्ह 12:00 बजे उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुख्यालय के सभाकक्ष में हाइब्रिड मोड में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित अधिकारीगण की सूची संलग्न है।

2— सर्वप्रथम सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ द्वारा बैठक में समस्त अधिकारियों का स्वागत करते हुए अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन की अनुमति से बैठक प्रारम्भ की गयी। बैठक के दौरान सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रदेश के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एवं समस्त नॉन अटेन्मेन्ट नगरों के सम्बन्ध में पावर प्वाइन्ट के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया गया, जिसका विवरण निम्नवत् है :—

- शीत ऋतु में वायु गुणवत्ता खराब होने की दशा में GRAP के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश के राजधानी क्षेत्र (NCR) के नगरों में दिनांक 01.10.2023 से Revised GRAP लागू है तथा अन्य नॉन–अटेन्मेन्ट नगरों में पूर्ववत GRAP क्रियान्वित है।
- PRANA Portal पर वार्षिक कार्ययोजना, त्रैमासिक प्रगति आख्या, उपयोगिता प्रमाण–पत्र, भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, नगर स्तरीय सिटी इम्पलीमेन्टेशन कमेटी के कार्यवृत्त, कन्वर्जन्स स्कीम की सभी सूचनायें, मिशन लाइफ, वायु प्रदूषण के दृष्टिगत हॉट–स्पॉट एवं जन–जागरूकता कार्यक्रमों आदि की सूचनायें अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी।
- सिटी एक्शन प्लान में नगर वन योजना, आटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (ATS) एवं रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रेपिंग फैसिलिटी (RVSF) एवं ग्रैप टास्क फोर्स गठन आदि की सूचनायें सम्मिलित किया जाना।
- नॉन अन्टेमेन्ट नगरों को 15वें वित आयोग एवं राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि का उपयोग कर उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्रेषित किया जाना।
- वायु प्रदूषण के सम्बन्ध में समीर/स्वच्छ वायु ऐप के माध्यम से प्राप्त लम्बित शिकायतों का निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये गये।
- निर्माण इकाइयों द्वारा किये गये वायु प्रदूषण नियंत्रण उपायों के स्वमूल्यांकन हेतु बोर्ड द्वारा विकसित कराये गये डस्ट ऐप पर पंजीकरण की संख्या में बढ़ोत्तरी एवं पंजीकृत परियोजनाओं में लम्बित भौतिक आडिट को अतिशीघ्र पूर्ण किये जाने के समस्त नगरों के क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये।
- विभिन्न नगरों की वित्तीय वर्ष 2022–23 के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2023–24 में

वायु गुणता तथा अक्टूबर, 2023 की AQI का अक्टूबर, 2022 के सापेक्ष तुलनात्मक विवरण।

- वायु प्रदूषण के दृष्टिगत चिन्हित हॉट–स्पॉट का नगर–वार विवरण।

(i) खुर्जा–सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अवगत कराया गया कि खुर्जा नगर के माह अप्रैल से सितम्बर की समयावधि मे $PM_{10}$ की मात्रा में 40 $\mu g/m^3$ की कमी पायी गयी है। खुर्जा नगर हेतु राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अन्तर्गत स्थानीय नगर निकाय को प्राप्त धनराशि रू0 8.96 करोड़ का मात्र 13 प्रतिशत ही उपयोग किया गया है, जोकि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्गत गाइडलाइन में अपेक्षित प्रतिशत से अत्यन्त कम है।

तत्क्रम में नगर पालिका परिषद, खुर्जा के प्रतिनिधि श्री रॉबिन सिंह, सेनेटरी इंस्पेक्टर द्वारा अवगत कराया गया कि रोड स्वीपर का संचालन किया जा रहा है तथा वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु अथक प्रयास निरन्तर किये जा रहे है। "राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम" के अन्तर्गत उपलब्ध धनराशि हेतु टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है तथा नवम्बर, 2023 तक अपेक्षित उपयोग कर लिया जाएगा। NCAP ग्रान्ट से ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम लगाये जाने का भी टेण्डर किया गया है तथा 01 माह में इस कार्य को पूर्ण कर लिया जायेगा। सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रस्तुतीकरण में रोड डस्ट एवं ट्रैफिक जाम संबंधी हॉट–स्पॉट पर चर्चा की गयी तथा समस्या के निराकरण हेतु निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही–नगर पालिका परिषद, खुर्जा/यातायात पुलिस/
उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, बुलन्दशहर)

(ii) मेरठ–सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वायुगुणता के आधार पर मेरठ नगर द्वारा वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु किये जा रहे बेहतर परफार्मेन्स को दर्शाया गया। मेरठ नगर मे $PM_{10}$ की मात्रा में 27 प्रतिशत कमी तथा गुड डेज की संख्या में बढ़ोत्तरी पायी गयी है, परन्तु 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 तक प्राप्त रू0 114.09 करोड़ धनराशि का 60.46 प्रतिशत उपयोग किया जा सका है।

तत्क्रम में नगर आयुक्त, मेरठ द्वारा अवगत कराया गया कि 15 दिनों में धनराशि का अपेक्षित उपयोग कर लिया जायेगा। वर्तमान में मेरठ नगर में 03 नग मैकेनिकल स्ट्रीट स्वीपर एवं 03 नग एण्टी स्मॉग गन का प्रयोग निरन्तर किया जा रहा है।

सदस्य सचिव, द्वारा मैकेनिकल स्ट्रीट स्वीपर एवं एण्टी स्मॉग गन मशीनों में जी0पी0एस0 के विषय में जानकारी चाही गयी। नगर आयुक्त, नगर निगम, मेरठ द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त मशीनों में जी0पी0एस0 लगाया गया है, जिसका अनुश्रवण संबंधित प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा निरंतर किया जा रहा है। गार्बेज बर्निंग एवं रोड डस्ट संबंधी हॉट–स्पॉट के विषय में नगर आयुक्त, नगर निगम, मेरठ द्वारा अवगत कराया गया कि नगर में 08 हॉट–स्पॉट चिन्हित किये गये है जिनपर कार्य किया जा रहा है। प्रस्तुतीकरण में प्रदर्शित किये गये गार्बेज बर्निंग हॉट–स्पॉट कैन्टोनमेन्ट बोर्ड, मेरठ के परिक्षेत्र का है तथा गार्बेज बर्निंग संबंधी हॉट–स्पॉट पर पी0टी0जेड0 कैमरों की स्थापना करायी गयी है।उक्त के अतिरिक्त कूड़ा जलाये जाने संबंधी समस्याओं के नियंत्रण हेतु टीम का गठन किया गया है।

सदस्य सचिव द्वारा पी0टी0जेड0 कैमरों का एक्सेस बोर्ड को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये एवं कैन्टोमेन्ट बोर्ड, मेरठ की डम्पिंग साइट के

संबंध में क्षेत्रीय अधिकारी, मेरठ को नोटिस निर्गत किये जाने हेतु निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही– नगर निगम, मेरठ/कैन्टोमेन्ट बोर्ड, मेरठ/उ0 प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मेरठ )

(iii) गाजियाबाद–सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वायुगुणता सुधार के सम्बन्ध मे अवगत कराया गया कि माह अप्रैल से सितम्बर की समयावधि मे $PM_{10}$ की मात्रा में 23 प्रतिशत की कमी आयी है, परन्तु गुड डेज की संख्या में 10 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त रू0 136.25 करोड़ की धनराशि का उपयोग 55 प्रतिशत है जोकि अपेक्षाकृत कम है। नगर आयुक्त, गाजियाबाद द्वारा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार से अवमुक्त धनराशि की उपयोगिता प्रतिशत को 75 प्रतिशत किये जाने, PRANA Portal पर लम्बित गतिविधियों को पूर्ण/अपलोड करने तथा एयर क्वालिटी इन्डेक्स में कमी लाये जाने हेतु किये जा रहे कार्यो के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि विगत 03 दिवस से AQI अधिक खराब है, जिसका प्रमुख कारण लोनी क्षेत्र को बताया गया कि जो कि नगर निगम, गाजियाबाद के क्षेत्रार्न्तगत नहीं है। AQI में कमी लाने हेतु 20 से अधिक वाटर स्प्रिंकलर एवं 08 एण्टी स्मॉग गन का निरंतर प्रयोग किया जा रहा है तथा उक्त कार्यों के अनुश्रवण हेतु टीम गठित की गयी है।

नगर आयुक्त, गाजियाबाद द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा गाजियाबाद नगर के भ्रमण के दौरान मैकेनिकल स्ट्रीट स्वीपर मशीन एवं वाटर स्प्रिंकलर के प्रातः 05:00 से 07:00 बजे तक संचालित किये जाने के निर्देश दिये गये है, जिसके अनुपालन के फलस्वरूप AQI में कमी आई है। सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वायु प्रदूषण संबंधी हॉट–स्पॉट जैसे गार्बेज बर्निंग एवं निर्माण सामग्री के खुले में भण्डारित किये जाने वाली संस्थाओं को नोटिस दिये जाने एवं अर्थदण्ड अधिरोपित किये जाने के निर्देश भी दिये गये।

(कार्यवाही–नगर निगम, गाजियाबाद/उ0 प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गाजियाबाद )

(iv) नोएडा–सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वायुगुणता सुधार के सम्बन्ध मे अवगत कराया गया कि माह अप्रैल से सितम्बर की समयावधि मे $PM_{10}$ की मात्रा में $31\mu g/m^3$ की कमी हो रही है, परन्तु "राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम" के अन्तर्गत प्राप्त रू0 21.95 करोड़ की धनराशि का मात्र 04 प्रतिशत ही उपयोग किया गया है, जोकि अत्यंत कम है। तत्क्रम में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नोएडा अथारिटी द्वारा अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अन्तर्गत क्रय प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, भुगतान का कार्य प्रगति पर है एवं 15 दिनों में उपयोगिता प्रमाण पत्र PRANA Portal पर अपलोड कर दिया जायेगा। सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्माण कार्यो, रोड डस्ट एवं गार्बेज बर्निंग संबंधी हॉट–स्पॉट के बारे में अवगत कराया गया तथा समस्त हॉट–स्पॉट पर सम्बंधित विभाग/एजेंसी के माध्यम से उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही–नोएडा अथारिटी, नोएडा/उ0 प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नोएडा)

(v) ग्रेटर नोएडा– सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वायुगुणता सुधार के सम्बन्ध मे अवगत कराया गया कि माह अप्रैल से सितम्बर की समयावधि मे $PM_{10}$ की मात्रा में 9 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। एयर क्वालिटी इन्डेक्स में कमी

लाये जाने हेतु किये जा रहे कार्यों के संबंध में ग्रेटर नोएडा अथारिटी के प्रतिनिधि से सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जानकारी चाही गयी। तत्क्रम में ओ0एस0डी0, ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी द्वारा अवगत कराया गया कि वायुगुणता सुधार हेतु मैकेनिकल स्ट्रीट स्वीपर एवं एण्टी स्मॉग गन का निरन्तर प्रयोग कर कार्यवाही की जा रहा है। सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा रोड डस्ट एवं ट्रैफिक कन्जेशन संबंधी हॉट–स्पॉट के बारे में अवगत कराया गया। अग्रेतर अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा ग्रेटर नोएडा यातायात विभाग को ग्रेटर नोएडा में ट्रैफिक कन्जेशन की समस्या को दूर किये जाने हेतु किये जा रहे कार्यों हेतु जानकारी चाही गयी। तत्क्रम में उपायुक्त, यातायात पुलिस द्वारा अवगत कराया गया कि ट्रैफिक कन्जेशन के मुख्य स्थानों को चिन्हित कर लिया गया है, जिसमें ग्रेटर नोएडा वेस्ट, सूरतपुर साइट, परीचौक, तिलपाटा चौक आदि क्षेत्र है एवं 1000 पुराने वाहनों पर प्रतिबंध लगाया गया है तथा 12000 प्रदूषणकारी वाहनों पर जुर्माना अधिरोपित किया गया है। वाहनों के डायवर्जन पर भी कार्य किया जा रहा है।

(कार्यवाही–ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी, ग्रेटर नोएडा/यातायात पुलिस/ उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ग्रेटर नोएडा)

(vi) बुलन्दशहर–सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वायुगुणता सुधार के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि माह अप्रैल से सितम्बर की समयावधि में $PM_{10}$ की मात्रा में 35 प्रतिशत की कमी हो रही है। एयर क्वालिटी इन्डेक्स में कमी लाये जाने हेतु किये जा रहे कार्यों के संबंध में बुलन्दशहर के प्रतिनिधि से सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जानकारी चाही गयी। तत्क्रम में अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बुलन्दशहर द्वारा अवगत कराया गया कि वायुगुणता सुधार हेतु मैकेनिकल स्ट्रीट स्वीपर एवं एण्टी स्मॉग गन का निरन्तर प्रयोग कर कार्यवाही की जा रहा है। सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा कूड़ा प्रबंधन एवं ट्रैफिक कन्जेशन संबंधी हॉट–स्पॉट के बारे में अवगत कराया गया एवं ट्रैफिक प्रबंधन के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही–नगर पालिका परिषद, बुलन्दशहर/यातायात पुलिस/ उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, बुलन्दशहर)

(vii) मुजफ्फरनगर– सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वायुगुणता सुधार के सम्बन्ध मे अवगत कराया गया कि माह अप्रैल से सितम्बर की समयावधि मे $PM_{10}$ की मात्रा में 04 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। एयर क्वालिटी इन्डेक्स में कमी लाये जाने हेतु किये जा रहे कार्यों के संबंध में नगर पालिका, मुजफ्फरनगर के प्रतिनिधि से सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जानकारी चाही गयी। तत्क्रम में अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका, मुजफ्फरनगर द्वारा अवगत कराया गया कि वायुगुणता सुधार हेतु मैकेनिकल स्ट्रीट स्वीपर एवं एण्टी स्मॉग गन का निरन्तर प्रयोग कर कार्यवाही की जा रहा है। सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा ट्रैफिक कन्जेशन संबंधी हॉट–स्पॉट के बारे में अवगत कराया गया एवं ट्रैफिक प्रबंधन के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही–नगर पालिका, मुजफ्फरनगर/यातायात पुलिस/उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मुजफ्फरनगर)

(viii) शामली–सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा ट्रैफिक कन्जेशन, रोड डस्ट संबंधी हॉट–स्पॉट के बारे में अवगत कराया गया एवं ट्रैफिक प्रबंधन के निर्देश दिये गये। सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अग्रेतर अवगत कराया गया कि डस्ट ऐप पर रजिस्ट्रेशन की संख्या में बढ़ोत्तरी एवं रजिस्टर्ड प्रोजेक्ट में लम्बित फिजिकल आडिट को अतिशीघ्र पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये। स्थानीय नगर निकाय का कोई भी प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित नहीं था।

अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये नगर विकास विभाग को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही–नगर पालिका परिषद, शामली / यातायात पुलिस / उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मुजफ्फरनगर)

(ix) हापुड़–सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वायुगुणता सुधार के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि माह अप्रैल से सितम्बर की समयावधि में $PM_{10}$ की मात्रा में 28 प्रतिशत की कमी हो रही है। सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा गार्बेज बर्निंग एवं रोड डस्ट संबंधी हॉट–स्पॉट के बारे में अवगत कराया गया एवं नगर पालिका परिषद, हापुड़ को रोड डस्ट प्रबंधन एवं कूड़ा प्रबंधन के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही–नगर पालिका परिषद, हापुड़ / उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गाजियाबाद)

(x) बागपत–सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वायुगुणता सुधार के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि माह अप्रैल से सितम्बर की समयावधि मे $PM_{10}$ की मात्रा में 22 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा रोड़ डस्ट संबंधी हॉट–स्पॉट के बारे में अवगत कराया गया एवं नगर पालिका परिषद, बागपत को रोड़ डस्ट प्रबंधन हेतु नगर पालिका परिषद, बागपत को निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही– नगर पालिका परिषद, बागपत / उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मेरठ)

(xi) आगरा–सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वायुगुणता सुधार के सम्बन्ध में अवगत कराया गया $PM_{10}$ की मात्रा में 23 प्रतिशत की कमी आयी है, परन्तु गुड डेज की संख्या में मात्र 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त रू0 136.5 करोड़ की धनराशि का उपयोग 56 प्रतिशत है जोकि अपेक्षाकृत कम है। सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा हॉट–स्पॉट के बारे में प्रस्तुतीकरण करते हुये अवगत कराया गया कि आगरा में गार्जेब बर्निंग की समस्या है, जिसे रोकने हेतु टॉस्क–फोर्स को जागरूक करने एवं कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। पर्यावरण अभियन्ता, नगर निगम, आगरा द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यशाला का आयोजन कर जागरूकता का कार्य कराया गया है।

(कार्यवाही– नगर निगम, आगरा / उ0 प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, आगरा )

(xii) लखनऊ –सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वायुगुणता सुधार के सम्बन्ध में अवगत कराया गया $PM_{10}$ की मात्रा में 20 प्रतिशत की कमी आयी है, परन्तु गुड डेज की संख्या में मात्र 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अपर नगर आयुक्त, लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया कि 15वें वित्त आयोग द्वारा प्राप्त धनराशि 75 प्रतिशत का उपयोग दिनांक 30 नवम्बर 2023 तक कर लिया जायेगा। अक्टूबर, 2022 के सापेक्ष अक्टूबर, 2023 की AQI में बढ़ोत्तरी हुई है, जिस हेतु अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये गये। अपर नगर आयुक्त, लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया कि नगर में 11 नग GPS फिटेड मैकेनिकल स्ट्रीट स्वीपर कार्यरत है, जिनके द्वारा रूट प्लान के अनुसार प्रतिदिन 04 एवं 06 लेन सड़कों पर 450 कि0मी0 सफाई का कार्य किया जा रहा है। सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नगर निगम, लखनऊ को रूट प्लान उपलब्ध कराये जाने को कहा गया। सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा डस्ट ऐप पर निर्माण इकाइयों के पंजीकरण बढाने एवं पंजीकृत प्रोजेक्ट में लम्बित फ़िज़िकल आडिट को अतिशीघ्र पूर्ण किये जाने के साथ ही स्वच्छ वायु ऐप पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण

किये जाने के निर्देश दिये गये। सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा लखनऊ नगर में निर्माणाधीन फ्लाईओवरों पर बोर्ड द्वारा अधिरोपित अर्थदण्ड के जमा कराये जाने हेतु लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया तथा यह भी निर्देश दिये गये कि कार्यदायी संस्था सम्बंधित फर्म से अर्थदण्ड की धनराशि वसूलकर अथवा उसके भुगतान से काटकर बोर्ड में जमा करते हुये उपस्थित वायु प्रदूषण संबंधी हॉट–स्पॉट जैसे गार्बेज बर्निंग एवं निर्माण सामग्री के खुले में भण्डारित किये जाने वाली संस्थाओं को नोटिस दिये जाने एवं अर्थदण्ड अधिरोपित किये जाने के निर्देश भी दिये गये।

(कार्यवाही–नगर निगम, लखनऊ/लोक निर्माण विभाग, लखनऊ/ उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ )

(xiii) कानपुर–सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वायुगुणता सुधार के सम्बन्ध में अवगत कराया गया $PM_{10}$ की मात्रा में 12 प्रतिशत की कमी आयी एवं गुड डेज की संख्या में 03 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जोकि अपेक्षित वृद्धि से कम है। नगर निगम, कानपुर से श्री आर0 के0 पाल, पर्यावरण अभियन्ता द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया गया। नगर आयुक्त अथवा अपर नगर आयुक्त, कानपुर द्वारा प्रतिभाग न किये जाने पर अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी। 15 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि की उपयोगिता, PRANA Portal पर लम्बित गतिविधियों को पूर्ण/अपलोड करने तथा एयर क्वालिटी इन्डेक्स में कमी लाये जाने हेतु किये जा रहे कार्यों के संबंध में अवगत कराया गया कि दिनांक 30 नवम्बर 2023 तक शेष धनराशि का उपयोग कर लिया जायेगा। सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वायु प्रदूषण संबंधी हॉट–स्पॉट के सम्बन्ध में अवगत कराया गया तत्क्रम में क्षेत्रीय अधिकारी, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कानपुर द्वारा अवगत कराया गया कि कानपुर मैट्रो के विरूद्ध अर्थदण्ड लगाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जाजमऊ में निर्माणाधीन सी0ई0टी0पी0 के कारण भी वायु प्रदूषण हो रहा है। सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा व्यस्त सड़कों पर इण्टर लॉकिंग गतिविधि को परियोजना में शामिल किये जाने का सुझाव दिया गया।

(कार्यवाही– नगर निगम, कानपुर/उ0 प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कानपुर )

(xiv) प्रयागराज–प्रयागराज जनपद के नगर निगम से कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं था। अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये तत्क्रम में नगर विकास विभाग को पत्र लिखे जाने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही– उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ )

(xv) वाराणसी–सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वायुगुणता सुधार के सम्बन्ध में अवगत कराया गया $PM_{10}$ की मात्रा में 27 प्रतिशत की कमी आई है परन्तु गुड डेज की संख्या में मात्र 02 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जोकि अपेक्षित सुधार नहीं है। मुख्य अभियन्ता, नगर निगम वाराणसी द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया गया। सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा यह अवगत कराया गया कि 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त रू0 146.1 करोड़ की धनराशि का 56 प्रतिशत उपयोग किया गया है। तत्क्रम में मुख्य अभियन्ता, नगर निगम वाराणसी द्वारा 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि की उपयोगिता, PRANA Portal पर लम्बित गतिविधियों को पूर्ण/अपलोड करने के संबंध में अवगत कराया गया कि उक्त कार्यों को दिनांक 30 नवम्बर 2023 तक कर लिया जायेगा। मुख्य अभियन्ता, नगर निगम वाराणसी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि नगर में वृहद स्तर की परियोजनाएं चल रही है। नगर निगम वाराणसी में 03 नग उपलब्ध वाटर स्प्रिंकलर से जल छिड़काव का कार्य किया जा रहा है। सदस्य

सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वायु प्रदूषण संबंधी हॉट–स्पॉट के सम्बन्ध में अवगत कराते हुये उचित कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही– नगर निगम, वाराणसी/उ0 प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वाराणसी)

(xvi) अनपरा–सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वायुगुणता सुधार के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि माह अप्रैल से सितम्बर की समयावधि मे $PM_{10}$ की मात्रा 01 $\mu g/m^3$ की कमी हो रही है जोकि अपेक्षाकृत अत्यन्त कम है। "राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम" के अन्तर्गत प्राप्त रू0 1.96 करोड़ की धनराशि का मात्र 47 प्रतिशत ही उपयोग किया गया है, जोकि अपेक्षाकृत कम है एवं PRANA Portal पर लम्बित गतिविधियों को पूर्ण/अपलोड करने के संबंध में निर्देश दिये गये। सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा गार्बेज बर्निंग एवं रोड डस्ट संबंधी हॉट–स्पॉट के बारे में अवगत कराया गया एवं नगर पंचायत, अनपरा को रोड डस्ट प्रबंधन एवं कूड़ा प्रबंधन के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही– नगर पंचायत, अनपरा/उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सोनभद्र)

(xvii) बरेली–सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वायुगुणता सुधार के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि माह अप्रैल से सितम्बर की समयावधि में $PM_{10}$ की मात्रा में 14 $\mu g/m^3$ की कमी हो रही है परन्तु "राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम" के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि रू0 25.03 करोड़ का मात्र 04 प्रतिशत ही उपयोग किया गया है, जोकि अत्यंत कम है। तत्क्रम में अपर नगर आयुक्त, बरेली द्वारा अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि की उपयोगिता एवं PRANA Portal पर लम्बित गतिविधियों को दिनांक 30 नवम्बर 2023 तक कर लिया जायेगा। सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्माण कार्यों, रोड डस्ट एवं गार्बेज बर्निंग संबंधी हॉट–स्पॉट के बारे में अवगत कराया गया तथा समस्त हॉट–स्पॉट पर सम्बंधित विभाग/एजेंसी के माध्यम से उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। अपर नगर आयुक्त, बरेली द्वारा अवगत कराया गया की 04 छोटी मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीन एवं 01 बड़ी मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीन द्वारा रोड की सफाई करायी जा रही है।

(कार्यवाही–नगर निगम, बरेली/उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, बरेली)

(xviii) गजरौला–सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वायुगुणता सुधार के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि माह अप्रैल से सितम्बर की समयावधि मे $PM_{10}$ की मात्रा में 29 $\mu g/m^3$ की कमी हो रही है परन्तु "राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम" के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि रू0 3.67 करोड़ का मात्र 22 प्रतिशत ही उपयोग किया गया है, जोकि अपेक्षाकृत कम है। तत्क्रम में अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गजरौला द्वारा अवगत कराया गया कि "राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम" के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत लगभग 90 प्रतिशत कार्यों हेतु निविदा की जा चुकी है तथा उक्त कार्यों को दिनांक 30 नवम्बर 2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। PRANA Portal पर लम्बित गतिविधियों को शीघ्र ही पूर्ण/अपलोड कर दिये जाने का आश्वासन दिया गया है। सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा रोड डस्ट एवं गार्बेज बर्निंग संबंधी हॉट–स्पॉट के बारे में अवगत कराया गया तथा समस्त हॉट–स्पॉट पर सम्बंधित विभाग/एजेंसी के माध्यम से उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। अधिशाषी अधिकारी, गजरौला द्वारा अवगत कराया गया की गार्बेज बर्निंग का स्थान हमारे नगर पालिका के क्षेत्र से बाहर है तथा फिरोजपुर गंडावली क्षेत्र में राष्ट्रीय राज मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है, जिसमें नियमित रूप से जल छिड़काव किया जा रहा है।

(कार्यवाही–नगर पालिका परिषद, गजरौला / उ0 प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, बिजनौर)

(xix) गोरखपुर–सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वायुगुणता सुधार के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि माह अप्रैल से सितम्बर की समयावधि मे $PM_{10}$ की मात्रा में 34 $\mu g/m^3$ की वृद्धि हुई है साथ ही "राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम" के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि रू0 37.51 करोड़ का मात्र 17 प्रतिशत ही उपयोग किया गया है, जोकि अत्यन्त कम है। तत्क्रम में मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, गोरखपुर द्वारा राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि को दिनांक 30 नवम्बर तक उपयोग किये जाने हेतु आश्वस्त किया गया। मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, गोरखपुर द्वारा स्थानीय कारणों से वायुगुणता में सुधार न होने की बात कही गयी। सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्माण कार्यो, रोड डस्ट, ट्रैफिक एवं गार्बेज बर्निंग संबंधी हॉट–स्पॉट के बारे में अवगत कराया गया तथा समस्त हॉट–स्पॉट पर सम्बंधित विभाग / एजेंसी के माध्यम से उचित कार्यवाही करने एवं सम्बंधित को नोटिस निर्गत करने हेतु निर्देश दिये गये।सदस्य सचिव द्वारागोरखपुर नगर के ट्रैफिक हाटॅ–स्पॉट पर योजनाबद्ध तरीके से कार्य किये जाने पर बल दिया गया। गोरखपुर नगर में ग्रीन नेट के उपयोग के बिना निर्माण कार्य कराये जा रहें भवनों / इकाइयों को प्रस्तुतीकरण में दर्शाया गया तत्क्रम में मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, गोरखपुर द्वारा नोटिस देने एवं कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया गया।

(कार्यवाही–नगर निगम, गोरखपुर / यातायात पुलिस / उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गोरखपुर)

(xx) मुरादाबाद–सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वायुगुणता सुधार के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि माह अप्रैल से सितम्बर की समयावधि मे $PM_{10}$ की मात्रा में 12 $\mu g/m^3$ की कमी हुई है। "राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम" के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि का मात्र 03 प्रतिशत ही उपयोग किया गया है, जोकि अत्यन्त कम है। तत्क्रम में नगर आयुक्त, मुरादाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि को दीपावली तक 30 प्रतिशत एवं दिनांक 30 नवम्बर तक 75 प्रतिशत का उपयोग कर लिया जायेगा। PRANA Portal पर लम्बित गतिविधियों की सूचनाओं को दिनांक 30 नवम्बर 2023 तक अपलोड कर लिया जायेगा। नगर आयुक्त, मुरादाबाद द्वारा अवगत कराया गया की 03 माह से कूड़ा जलाने की कोई घटना सामने नहीं आयी है। कूड़ा निस्तारण साइट पर नगर निगम की धनराशि से स्प्रिंकलर सिस्टम लगाया गया है। मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा ऐप विकसित कराया गया है, जिसके माध्यम से नगर के समस्त 06 सतत् परिवेशीय वायु गुणता अनुश्रवण केन्द्रों (CAAQMS) की AQI प्रदर्शित होती रहती है, जिसका नियमित रूप से अनुश्रवण किया जाता है तथा AQI बढ़ने पर उचित कार्यवाही की जाती है। सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्माण कार्यों, एवं रोड डस्ट संबंधी हॉट–स्पॉट के बारे में अवगत कराया गया तथा समस्त हॉट–स्पॉट पर सम्बंधित विभाग / एजेंसी के माध्यम से उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। नगर आयुक्त, मुरादाबाद द्वारा अवगत कराया गया की उक्त प्रदर्शित हॉट–स्पॉट राम गंगा विहार में नमामि गंगे प्रोजेक्ट केचल रहेकार्यों के है चूंकि यह Low-land क्षेत्र है इस कारण यहाँ ज्यादा वाटर स्प्रिंकलर नहीं करतें हैं। ब्लैक टॉपिंग का कार्य दीपावली से पहले कर दिया जायेगा।

(कार्यवाही–नगर निगम, मुरादाबाद / उ0 प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मुरादाबाद)

(xxi) फिरोजाबाद–सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वायुगुणता सुधार के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि माह अप्रैल से सितम्बर की समयावधि मे $PM_{10}$ की मात्रा में 8 $\mu g/m^3$ की कमी आयी है जोकि अपेक्षाकृत कम है। "राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम" के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि रू0 20.93 करोड़ का मात्र 24 प्रतिशत ही उपयोग किया गया है, जोकि अत्यन्त कम है। तत्क्रम में नगर आयुक्त, फिरोजाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि सड़कों की मरम्मत, फुटपाथ का निर्माण कार्य (इण्ड–टू–इण्ड पेविंग), प्रतिदिन जल छिड़काव मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण एवं सड़कों के किनारे वृक्षारोपण किया जा रहा है। दिनांक 30 नवम्बर तक समस्त कार्य पूर्ण कर लिये जायेंगें। सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्माण कार्यों, रोड डस्ट एवं ट्रैफिक संबंधी हॉट–स्पॉट के बारे में अवगत कराया गया तथा समस्त हॉट–स्पॉट पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। नगर आयुक्त, फिरोजबाद द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना एवं जल निगम के कार्य प्रगति पर हैं। उल्लंघनकर्ताओं को नोटिस जारी की जायेगी।

(कार्यवाही–नगर निगम, फिरोजाबाद / यातायात पुलिस / उ0 प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, फिरोजाबाद)

(xxii) झांसी–सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वायुगुणता सुधार के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि माह अप्रैल से सितम्बर की समयावधि मे $PM_{10}$ की मात्रा में 32$\mu g/m^3$ की कमी आयी है। "राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम" के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि रू0 7.04 करोड़ का मात्र 51 प्रतिशत ही उपयोग किया गया है। सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्माण कार्यों, गार्बेज बर्निंग, रोड डस्ट एवं ट्रैफिक संबंधी हॉट–स्पॉट के बारे में अवगत कराया गया तथा समस्त हॉट–स्पॉट पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। नगर आयुक्त, झांसी द्वारा अवगत कराया गया कि गार्बेज बर्निंग सब्जी मण्डी के क्षेत्र की है जहां पर मजदूरों द्वारा कूड़ा जला दिया जाता है। अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा लोगों को जागरूक किये जाने हेतु कहा गया तथा प्रदूषण जनित वाहनों पर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही–नगर निगम, झांसी / यातायात पुलिस / उ0 प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, झांसी)

(xxiii) रायबरेली–सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वायुगुणता सुधार के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि माह अप्रैल से सितम्बर की समयावधि मे $PM_{10}$ की मात्रा में 24 $\mu g/m^3$ की कमी आयी है। "राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम" के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि रू0 7.12 करोड़ का मात्र 09 प्रतिशत ही उपयोग किया गया है। तत्क्रम में सहायक अभियन्ता, नगर पालिका परिषद, रायबरेली द्वारा अवगत कराया गया कि सारी परियोजनओं को कार्य प्रगति पर है माह के अन्त तक कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा एवं PRANA Portal पर लम्बित गतिविधियों की सूचनाओं को अतिशीघ्र अपलोड कर दिया जायेगा। सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा रोड डस्ट एवं ट्रैफिक संबंधी हॉट–स्पॉट के बारे में अवगत कराया गया तथा उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही–नगर निगम, रायबरेली / यातायात पुलिस / उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, रायबरेली)

बैठक के अन्त में अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा निम्न निर्देश दिये गये–

- समस्त स्थानीय नगर निकाय प्रातः 05:00 से 07:00 तक स्ट्रीट स्वीपिंग तथा वाटर स्प्रिंकलिंग का कार्य सुनिश्चित करें।
- इण्ड–टू–इण्ड पेविंग से वायु प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण परिलक्षित हुआ है। अतः स्थानीय नगर निकायों द्वारा इसे अपनी परियोजनाओं में सम्मिलित करें।
- निर्माण इकाइयों पर अधिरोपित अर्थदण्ड कार्यदायी संस्थाओं द्वारा सम्बंधित फर्म से प्राप्त कर अथवा उनके भुगतान से कटौती करके जमा कराना सुनिश्चित करें।
- सफाई/प्रवर्तन कार्यों से जुडे कार्मिकों का भी अनुश्रवण किया जाये तथा शिथिलता पाये जाने पर दण्डित किया जाये।
- स्थानीय नगर निकायों द्वारा सफाई कार्मिकों एवं जनमानस को कूड़ा जलाने जाने से रोके जाने हेतु जागरूक किया जाये।
- सड़क के निर्माण वाले क्षेत्रों में प्रतिदिन वाटर स्प्रिंकलिंग कराया जाये तथा निर्माण कार्यो का प्रत्येक सप्ताह में निरीक्षण किया जाये। निर्माण कार्यो को अतिशीघ्र पूर्ण करने हेतु प्रयास किये जाये।
- प्रदेश के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के नगरो में Revised GRAP लागू है जिसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाये।
- अन्य नॉन–अटेन्मेन्ट नगरों में पूर्ववत GRAP कियान्वित करें। इस सम्बन्ध में क्षेत्रीय अधिकारी, जिलाधिकारी के साथ बैठक आयोजित कराकर सभी नॉन–अटेन्मेन्ट नगरो में Task Force गठित करायें।

अन्त में बैठक धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

Digitally Signed by मनोज सिंह
Date: 04-12-2023 17:58:53
Reason: Approved
( मनोज सिंह )
अपर मुख्य सचिव।

**उत्तर प्रदेश शासन**
**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग–7**
**संख्या–1367/81–7–2023–09(रिट)/2016**
**लखनऊ : दिनांक : 05 दिसम्बर, 2023**

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन/सिंचाइ एवं जल संसाधन/लोक निर्माण/गृह/परिवहन/अवस्थापन एवं औद्योगिक विकास/कृषि/उद्यान विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. आयुक्त, खाद्य एवं आपूर्ति, उ0प्र0, लखनऊ।
3. मुख्य कार्यपालिका अधिकारी, यूपीसीडा, उ0प्र0, कानपुर।
4. मुख्य कार्यपालिका अधिकारी, नोएडा/ग्रेटर अथारिटी।
5. निदेशक, पर्यावरण, उ0प्र0, लखनऊ।
6. प्रधान मुख्य वन संरक्षण और विभागाध्यक्ष, उ0प्र0, लखनऊ।
7. सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ।

8. पुलिस अधीक्षक/पुलिस उपायुक्त, यातायात, लखनऊ, कानपुर नगर, वाराणसी, आगरा, प्रयागराज, गाजियाबाद, नोएडा/ग्रेटर नोएडा (गौतमबुद्व नगर), खुर्जा (बुलन्दशहर), मेरठ, बिजनौर (अमरोहा), फिरोजाबाद, मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत, हापुड़, अनपरा (सोनभद्र), झांसी, मुरादाबाद रायबरेली, गोरखपुर एवं बरेली।

9. संबंधित प्रभागीय वनाधिकारी (सदस्य संयोजक, जिला पर्यावरण समिति)/नगर आयुक्त/अधिशासी अधिकारी/एवं क्षेत्रीय अधिकार, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ, कानपुर नगर, वाराणसी, आगरा, प्रयागराज, गाजियाबाद, नोएडा/ ग्रेटर नोएडा (गौतमबुद्व नगर), खुर्जा (बुलन्दशहर), मेरठ, बिजनौर (अमरोहा), फिरोजाबाद, मुजफ्फरनगर,शामली, बागपत, हापुड़, अनपरा (सोनभद्र), झांसी, मुरादाबाद रायबरेली, गोरखपुर एवं बरेली।

10. सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), लखनऊ, कानपुर नगर, वाराणसी, आगरा, प्रयागराज, गाजियाबाद, नोएडा/ ग्रेटर नोएडा (गौतमबुद्व नगर), खुर्जा (बुलन्दशहर), मेरठ, गजरौला (अमरोहा), फिरोजाबाद, मुजफ्फरनगर,शामली, बागपत, हापुड, अनपरा (सोनभद्र), झांसी, मुरादाबाद रायबरेली, गोरखपुर एवं बरेली।

11. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(देवेन्द्र सिंह चौहान)
अनु सचिव।